# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, इलाहाबाद।

पत्रांक : मा0शि0च0बो0 / 1576 / 2018–19 दिनांक 07-7-2018

## विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या 02/2011 प्रशिक्षित स्नातक कला विषय की लिखित परीक्षा दिनांक 16.06.2016 को हुई थी। लिखित परीक्षा के पश्चात् उत्तरमाला चयनबोर्ड की वेबसाइट www.upsessb.org पर दिनांक 21.02.2017 को प्रदर्शित की गयी। इस उत्तरमाला के सापेक्ष प्राप्त आपत्ति की विषय–विशेषज्ञ से जाँच कराने के पश्चात् उत्तरमाला को अद्यतन करते हुए परीक्षा परिणाम दिनांक 26.06.2018 को चयनबोर्ड द्वारा घोषित किया गया, संशोधित उत्तरमाला भी उसी दिनांक को वेबसाइट पर पुनः प्रदर्शित किया गया।

परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् पुनः संशोधित उत्तरमाला के प्रति दिनांक 28.06.2018 को यह आपत्ति प्राप्त हुई कि प्रश्न–पुस्तिका सीरीज 'डी' के प्रश्न संख्या 13, 70 एवं 90 प्रश्न का उत्तर क्रमशः A, A, C अन्य सीरीज के उत्तर क्रमशः C, C, B से भिन्न है।

विषय–विशेषज्ञ द्वारा जॉच के पश्चात् आपत्ति को सही पाते हुए यह समाधान दिया कि प्रश्न–पुस्तिका सीरीज 'डी' के प्रश्न संख्या 13 का उत्तर अन्य सीरीज की भांति C, प्रश्न संख्या 70 का उत्तर अन्य सीरीज की भांति C तथा प्रश्न संख्या 90 का उत्तर F (false) संशोधित किया जाय।

उपर्युक्त तथ्य बोर्ड के संज्ञान में आने पर विषय–विशेषज्ञ द्वारा दिये गये रिपोर्ट के अनुसार उत्तरमाला संशोधित करते हुए लिखित परीक्षा का संशोधित परिणाम घोषित कर दिया गया है जिसमें 262 अभ्यर्थी के स्थान पर 342 अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु उपयुक्त पाये गये।

07-07-2018

(नवल किशोर)
उपसचिव,
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
इलाहाबाद।